# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

## मा0 सदर विधायक श्री रामरतन कुशवाहा महोदय की अध्यक्षता में जनपद ललितपुर में दिनांक–28.04.2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए **DWSC** की बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक–28.04.2026 को मा0 सदर विधायक श्री रामरतन कुशवाहा महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं, की प्रगति एवं रोड रेस्टोरेशन के सम्बन्ध में पी0डब्लू0डी0 के गेस्ट हाऊस में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

01. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, ललितपुर।
02. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
03. श्री राहुल सिंह, ऐ0ई0, SWSM ललितपुर।
04. श्री आर0 सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
05. श्री विनय कुमार साहू, टी0एल0 / डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 ललितपुर।
06. श्री आकाश सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स सुधाकरा ललितपुर।
07. श्री सुशील मिश्रा, परियोजना प्रबंधक, जे0एम0सी0 ललितपुर।
08. श्री प्रशान्त शर्मा, दारा इंजीनियरिंग के प्रतिनिधि, ललितपुर।

मा0 सदर विधायक श्री रामरतन कुशवाहा महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर से जल जीवन मिशन की योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने मा0 विधायक महोदय को अवगत कराया कि जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 5 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 15 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें से वर्तमान में सभी योजनाएं O&M में संचालित है।

मा0 विधायक महोदय द्वारा योजनाओं में की जा रही जलापूर्ति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने मा0 विधायक महोदय को अवगत कराया गया कि मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राटेक प्रा0लि0 हैदराबाद, द्वारा 5 ग्राम समूह पेयजल योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें 251 ग्राम सम्मिलित है। वर्तमान में सभी योजनाएं O&M में संचालित है एवं कुल सम्मिलित ग्राम 251 के सापेक्ष 240 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही हैं। ग्राम रामनगर शहरी क्षेत्र के अन्तर्गत है, परन्तु जल जीवन मिशन योजना के पोर्टल पर प्रदर्शित है जिसको पोर्टल से हटाने के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जायेगी एवं ग्राम सिवनी खुर्द MES के अधीन होने के कारण पाइप लाइन बिछाने की अनुमति MES के अधिकारियों द्वारा नहीं दिये जाने के कारण पाइप लाइन बिछाने का कार्य नहीं किया गया है। मा0 विधायक महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है कि ग्राम सिवनी खुर्द में पाइप लाइन बिछाने की अनुमति से सम्बन्धित किये गये पत्राचार की प्रतिलिपि उपलब्ध करायें, जिससे विधायक महोदय के द्वारा आगरा स्थित MES के उच्च अधिकारियों से इस सम्बन्ध में चर्चा की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा मा0 विधायक महोदय को अवगत कराया गया कि मेसर्स दारा इंजीनियरिंग द्वारा 5 ग्राम समूह पेयजल योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें 119 ग्राम सम्मिलित है। जिसमें से वर्तमान में सभी योजनाएं O&M में संचालित है एवं कुल सम्मिलित ग्राम 119 के सापेक्ष 115 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही हैं। अधोहस्ताक्षरी द्वारा मा0 विधायक महोदय को अवगत कराया गया है कि बिल्ला–मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना के भौंरट बांध से कच्चा पानी लिया जाता हैं जिसे WTP पर शोधित करके योजना में सम्मिलित सभी ग्रामों में जलापूर्ति की जाती है। वर्तमान में भौंरट बांध में जल स्तर 353.7 मी0 हैं, ग्रीष्मकाल में भौंरट बांध में जल स्तर और नीचे जाने की सम्भावना है जिसके कारण आगामी माह मई में यदि जल स्तर नीचे हो जाता है तो योजना में सम्मिलित सभी ग्रामों में जलापूर्ति बाधित होने की सम्भावना है।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा मा0 विधायक महोदय को अवगत कराया गया कि मेसर्स JMC-JWIL (JV) द्वारा 3 ग्राम समूह पेयजल योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें 146 ग्राम सम्मिलित है। वर्तमान में सभी योजनाएं O&M में संचालित है एवं कुल सम्मिलित ग्राम 146 के सापेक्ष 128 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही हैं। मा0 विधायक महोदय द्वारा अवगत कराया गया है कि मसौरा ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्रामों का उनके द्वारा निरीक्षण किया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा मा0 विधायक महोदय को अवगत कराया गया कि मेसर्स ब्रिज इंजीनियरिंग द्वारा चन्दावली ग्राम समूह पेयजल योजना क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें 16 ग्राम सम्मिलित है। वर्तमान में योजना O&M में संचालित है एवं कुल सम्मिलित ग्राम 16 के सापेक्ष 13 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही हैं।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा मा0 विधायक महोदय को अवगत कराया गया कि मेसर्स बानको–गंगा द्वारा टोरी ग्राम समूह पेयजल योजना क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें 19 ग्राम सम्मिलित है। वर्तमान में योजना O&M में संचालित है एवं कुल सम्मिलित ग्राम 19 के सापेक्ष सभी 19 ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही हैं।

मा0 विधायक महोदय द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि योजनाओं के सभी ग्रामों में शतप्रतिशत जलापूर्ति करना, क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत एवं गृह संयोजनों में GI स्टेण्ड पाइप एवं टोंटी लगाना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा मा0 विधायक महोदय को अवगत कराया गया है कि जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं में धनराशि के अभाव में भुगतान ना होने के कारण सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कार्य धीमी गति से किया जा रहा है जिसके कारण रेट्रोफिटिंग योजनाओं के ग्रामों में जलापूर्ति बाधित हो रही है। इस सम्बन्ध में मा0 विधायक महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे मा0 विधायक महोदय द्वारा मा0 मुख्यमंत्री महोदय से समस्या के निराकरण हेतु निवेदन किया जायेगा।

30/4/26

(संजय मिश्रा)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
ललितपुर।

# कार्यालय जिलाधिकारी, ललितपुर

पत्रांक– 2189 /M-19/78 दिनांक-05-08 –2026

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

01. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
02. जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर।
03. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
04. टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।
05. डी0पी0एम0 टी0पी0आई0, ललितपुर।
06. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राट्रक्चर प्रा0लि0 ललितपुर को निर्देशित है कि योजनाओं में सम्मिलित सभी ग्रामों में शतप्रतिशत जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।
07. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा प्रा0लि0 ललितपुर को निर्देशित है कि योजनाओं में सम्मिलित सभी ग्रामों में शतप्रतिशत जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।
08. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट्स लि0, (जेएमसी–जेडब्लूएल) ललितपुर को निर्देशित है कि योजनाओं में सम्मिलित सभी ग्रामों में शतप्रतिशत जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।
09. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बृज इंजीनियरिंग वर्क बानको कन्सट्रक्शन प्रा0लि0 ललितपुर को निर्देशित है कि योजनाओं में सम्मिलित सभी ग्रामों में शतप्रतिशत जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।
10. परियोजना प्रबन्धक, जे0वी0 मेसर्स बानको कन्सट्रक्शन एण्ड गंगा इन्फाबिल्ट प्रा0लि0 ललितपुर को निर्देशित है कि योजनाओं में सम्मिलित सभी ग्रामों में शतप्रतिशत जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।

अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे
ललितपुर।